हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 30 .4 डिग्री
न्यूनतम 14 .1 डिग्री



12 हाईकोर्ट ने जारी नोटिफिकेशन रद्द की ...



12 निबंध एवं लेख लेखन प्रतियोगिता में खुशी ने मारी ..

**खबर संक्षेप**

### आईटीआई नाचरौन में 10 को रोजगार मेला

**यमुनानगर।** जिला रोजगार विभाग व राजकीय आईटीआई नाचरौन के संयुक्त तत्वावधान में आईटीआई परिसर में 10 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में प्रसिद्ध कंपनियों के प्रतिनिधि पहुंचकर युवाओं का साक्षात्कार लेंगे। मेले में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भाग लेंगे। उक्त जानकारी जिला रोजगार अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने दी। लगभग 15 निजी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र से एक युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करके ले गया। पुलिस ने किशोरी की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह अप्रैल को उसकी 15 वर्षीय लड़की रात का खाना खाकर सो गई थी। सुबह जब उनकी आंख खुली तो उनकी लड़की घर से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को समीर नामक युवक शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### 80 ग्राम हेरोइन के साथ युवक को गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव मंडोली बस अड्डा हाईवे से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी उत्तर प्रदेश से हेरोइन को लेकर यमुनानगर आ रहा था। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### इटली भेजने के नाम पर हड़पे 7.5 लाख रुपये

**यमुनानगर।** इटली भेजने के नाम पर शांति नगर मनी माजरा चंडीगढ़ निवासी सतीश कुमार से साढ़े सात लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप यमुनानगर स्थित एआईआईएमएस स्टडी एब्रॉड के संचालक सुनील कुमार पर लगा है। पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शांति नगर मनी माजरा चंडीगढ़ निवासी सतीश कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि सुनील कुमार है और आरोपी लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। उसे पैसे दे दिए उसने विदेश नहीं भेजा।

## दिल्ली-चंडीगढ़ हाइवे पर टायर फटने से बड़ा हादसा, 6 गाड़ियां टकराईं, घंटों लगा रहा जाम

- नई अनाज मंडी के पास चेन रिएक्शन से वाहन क्षतिग्रस्त
- तेज रफ्तार और कम दूरी बनी हादसे की मुख्य वजह
- एयरबैग खुलने से नुकसान टला, कई को मामूली चोटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा पेश आया। नई अनाज मंडी के पास अचानक एक चलती कार का टायर फटने से 'चेन रिएक्शन' हुआ, जिसमें एक के बाद एक करीब 6 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना के बाद हाइवे पर चीख-पुकार मच गई और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफेद रंग की कार दिल्ली से चंडीगढ़ की ओर जा रही थी, तभी अचानक उसका टायर फट गया और वह सड़क के बीचों-बीच रुक गई। पीछे से आ रही गाड़ियों की रफ्तार अधिक थी और उनके बीच की दूरी कम थी, जिसके कारण ड्राइवर ब्रेक नहीं लगा सके। इसमें नोएडा से चंडीगढ़ जा रही क्रेटा, लखनऊ से लुधियाना जा रही बलेनो और एक टियागो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### 10 वर्षीय बच्चे को मामूली चोटें आई

बलेनो चालक तुषार और टियागो चालक शिवम ने बताया कि उनके साथ परिवार भी सफर कर रहा था। गनीमत रही कि एयरबैग खुलने और सुरक्षा मानकों की वजह से किसी को गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि, डायल-112 की टीम के अनुसार, एक 10 वर्षीय बच्चे को मामूली चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है।

### पुलिस ने खुलवाया जाम

हादसे के तुरंत बाद हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू किया जा सका। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि हाईवे पर चलते समय वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें और टायरों की स्थिति की नियमित जांच करें।

गांव छोली के पास भीषण हादसा

## कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव छोली के पास क्रेटा कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात क्रेटा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। खेड़ा मोहल्ला छछरौली निवासी अंकित अत्री ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका चाचा 55 वर्षीय सुरेंद्र सात अप्रैल को शाम छह बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव छोली के पास पहुंचा तो गलत दिशा से तेज गति से आ रही क्रेटा चालक ने उसके चाचा सुरेंद्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात क्रेटा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बदमाशों ने मचाई दहशत, एफएसएल टीम ने खोखे बरामद किए

## असंध में एक माह पहले खुले रेस्टोरेंट पर अंधाधुंध फायरिंग

- रेस्टोरेंट बंद होने के कारण किसी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ
- रंजिश या रंगदारी एंगल पर जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला असंध-कैथल रोड का है, जहां एक अज्ञात हमलावर ने एक रेस्टोरेंट को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गनीमत यह रही कि हमला रेस्टोरेंट बंद होने के बाद किया गया, जिससे किसी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, असंध निवासी कुलदीप सिंह ने करीब एक महीने पहले ही कैथल रोड पर अपना नया रेस्टोरेंट शुरू किया था। वह रोज की तरह बीती रात अपना काम समेटकर रेस्टोरेंट बंद कर घर चले गए थे। उनके जाने के कुछ समय बाद, एक अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचा और रेस्टोरेंट के शटर पर फायरिंग कर मौके से फरार हो गया।



**रोहतक।** असंध में खुले रेस्टोरेंट पर फायरिंग के निशान।

### मधुबन से एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सुबह असंध डीएसपी गौरवपाल राणा और थाना प्रभारी नसीब सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए मधुबन से एफएसएल की टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके से दो राउंड गोलियों के खोल बरामद किए हैं। शटर पर गोलियों के निशान स्पष्ट देखे जा सकते हैं।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

असंध थाना प्रभारी ने बताया कि रेस्टोरेंट मालिक कुलदीप ने फिलहाल किसी भी प्रकार की पुरानी रंजिश या धमकी मिलने से इनकार किया है। पुलिस अब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावर के आने-जाने के रास्ते और उसकी पहचान की जा सके। पुलिस मामले की जांच फिरौती और रंजिश, दोनों कोणों से कर रही है।

## व्यासपुर अनाज मंडी में बुग्गी में गेहूं बेचने पहुंचा किसान

गेट पास न मिलने पर भारतीय किसान यूनियन ने मंडी गेट पर प्रदर्शन किया

- एक घंटे बाद अधिकारियों ने पोर्टल पर विकल्प बदलकर प्रगट का गेट पास जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले की व्यासपुरअनाज मंडी में बुधवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब दरियापुर गांव के किसान प्रगट सिंह अपनी गेहूं की फसल बेचने के लिए झोटा बुग्गी पर अनाज लेकर मंडी पहुंचे।, लेकिन मंडी गेट नंबर एक पर मौजूद कर्मचारियों ने उनका गेट पास काटने से इनकार कर दिया। कर्मचारियों का कहना था कि पोर्टल पर केवल ट्रैक्टर के नंबर के आधार पर ही गेट पास जारी किया जा रहा है, जिस कारण झोटा बुग्गी से आए किसान का प्रवेश नहीं किया जा सकता। कुछ ही देर में भारतीय किसान यूनियन चढूंनी ग्रुप के नेता सतेंद्र सिंह फेरुवाला अपने साथियों के साथ अनाज मंडी व्यासपुर पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्या सुनने के बाद मंडी गेट पर पहुंचकर कर्मचारियों से बात की पदाधिकारियों और किसानों ने मंडी गेट पर नारेबाजी शुरू कर दी और मार्किट कमेटी के सचिव को मौके पर बुलाकर पास जारी करवाया गया।



**यमुनानगर।** व्यासपुर अनाज मंडी में बुग्गी झोटा में गेहूं बेचने जा रहा किसान।

### दुबई से लौटे युवक की कंबाइन से टकराने से मौत

**मुलाना।** कंबाइन से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएम अस्पताल मुलाना में रखवाया गया है। गांव कालपी सरपंच रिंकू ने बताया कि कालपी के सचिन पुत्र मलखान सिंह दोसडका में अपने काम से छुट्टी के बाद गांव वापिस जा रहा था। मुलाना सीएचसी के सामने सामने से आ रही कंबाइन से उसकी बाइक टकरा गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सचिन कुछ महीने पहले ही दुबई से गांव लौटा था। चार महीने पहले उसकी शादी हुई थी। तीन भाई में सचिन दूसरे नंबर पर था जबकि उसका छोटा भाई अभी भी विदेश में है। विदेश से आने के बाद वह दोसडका में जेसीबी ड्राइवर के तौर पर कार्य कर रहा था। रात्रि को वह छुट्टी के बाद घर जा रहा था। अनाज मंडी कट से वह सर्विस लेन से मुलाना की तरफ जा रहा था कि वह हादसे का शिकार हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

## पुलिस स्टीकर लगी बोलेरो ने कुचला, दोनों की मौत

**करनाल।** पश्चिमी यमुना नहर के पास बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी, जिस पर पुलिस का स्टीकर लगा हुआ था, ने पैदल चल रहे दो व्यक्तियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान जगत सिंह (45) और भीम सिंह (62) के रूप में हुई है, जो करनाल के पाल नगर के रहने वाले थे। जगत सिंह कूड़ा बीनने का काम करते थे और अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी मीना और तीन बच्चे हैं। भीम सिंह जगत सिंह के चाचा थे और उनकी अपनी कबाड़ की दुकान थी। घटना के समय दोनों पैदल अपनी दुकान की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आई बोलेरो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। मृतक जगत सिंह की पत्नी मीना ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ही दोनों को अस्पताल लेकर आया था, लेकिन बाद में वह गाड़ी सहित वहां से फरार हो गया।

### लाडवा में गोली चलाने का मुख्य आरोपी सहित दो धरे

**लाडवा।** लाडवा पुलिस ने गोली चलाने और मारपीट के मामले में मुख्य आरोपी आदित्य राणा उर्फ आदि (साहापुर, यूपी हॉल निवासी, लाडवा) और वीरभद्र उर्फ हर्ष (कस्बा लाडवा निवासी) को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने यह कार्रवाई की।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता, शिव मोहल्ला लाडवा की एक युवती, ने बताया कि 18 मार्च को आदित्य राणा उनके घर आया और उनके भाई के साथ मारपीट की। रात करीब 2 बजे आरोपी और उनके साथी कार में आए, फायरिंग की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। शिकायत के आधार पर थाना लाडवा में मामला दर्ज किया गया और जांच अपराध अन्वेषण शाखा को सौंपी गई।पुलिस ने पहले 24 मार्च को दो नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लिया था।

### नकली मालिक बनकर प्लाट बेचने का आरोपी धरा

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस नकली मालिक बनकर तथा फर्जी कागजात तैयार करके धोखे से प्लाट बेचने की कोशिश करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने नकली मालिक बनकर तथा फर्जी कागजात तैयार करके धोखे से प्लाट बेचने की कोशिश करने नाम पर ठगी करने के आरोपी अमित बंसल वासी अम्बाला कैंट को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में गौतम गुप्ता वासी सैक्टर-13 कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह पिछले कई सालों से अमेरिका में रह रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसके नाम का बैंक में खाता खुलवाकर तथा उसके नाम के नकली कागजात तैयार प्लाट बेचा था।

## नशा तस्करी में 7 आरोपी काबू 23.89 ग्राम हेरोइन बरामद

**अंबाला।** पुलिस लगातार नशा तस्करों प्रहार कर रही है। इसी कड़ी में एएनसी टीम और थाना साहा पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दो अलग-अलग मामलों में 7 आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से कुल 23.89 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एएनसी टीम ने सूचना के आधार पर अंबाला शहर की अनाज मंडी में दबिश देकर नशा कर रहे 6 आरोपियों को रंगे हाथों काबू किया। मुख्य आरोपी शोकित कक्कड़ उर्फ सोनू के कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों की पहचान जोगा सिंह (बलाना), राकेश कुमार (धुरकड़ा), कार्तिक (लाजपत नगर), मुकेश कुमार (सेक्टर-8) और हुसन (न्यू अनाज मंडी) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी जोगा सिंह व हुसन को पुलिस रिमांड पर लिया है जबकि अन्य को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



शोध, अकादमिक नेतृत्व और अध्ययन में उत्कृष्ट कार्य का मिला सम्मान

## कुवि ने चार प्रख्यात इतिहासकारों को 'इतिहास रत्न अवॉर्ड' से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की सार्थक पहल पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में चार इतिहासकारों को विश्वविद्यालय द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इतिहास रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड इतिहास और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए दिया गया। सम्मेलन के दौरान प्रख्यात इतिहासकार पद्मश्री प्रो. (डॉ.) रघुवेंद्र तंवर, जो वर्तमान में भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), नई दिल्ली के अध्यक्ष हैं, को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिष्ठित इतिहास रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इतिहास के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन शोध, अकादमिक नेतृत्व और भारतीय इतिहास की प्रामाणिक व्याख्या के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। इसके साथ ही सम्मेलन में प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली, प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला, तथा प्रसिद्ध इतिहास प्रो. देवेन्द्र हांडा जिन्होंने आर्कियोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध किए हैं। उन्होंने भारत के सिक्कों के डॉक्यूमेंटेशन के माध्यम से भारत के इतिहास को पुनर्जीवित किया है। इनको भी भारतीय संस्कृति के अध्ययन-अनुसंधान में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए इतिहास रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### अमृतांश जर्मनी में वैश्विक वैज्ञानिक सम्मेलन में करेंगे नाम रोशन

**कुरुक्षेत्र।** बड़े गर्व की बात है कि युवा शोधकर्ता अमृतांश मेहरोत्रा को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉरइवोल्यूशन, मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन, आईएसईएमपीएच वार्षिकसम्मेलन 2026 में अपने चल रहे शोध को प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन 28 से 31 जुलाई, 2026 तक जर्मनी के कील में आयोजित होगा, जिसमें विकासवादी जीव विज्ञान, चिकित्सा और जन स्वास्थ्य के अंतसंबंधों पर काम करने वाले विश्वभर के शोधकर्ता एक साथआएंगे। मेहरोत्रा, जो ओडिशा के पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफकॉस्मोलॉजी एंड सेल्फोलॉजी (पीआईसीएस) से संबद्ध हैं, अपने गुरु नितेश विनोदभाई पांडे के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे।



अमृतांश मेहरोत्रा शोधकर्ता।

पानीपत के एसडी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय स्तरीय के कांफ्रेंस में बोले-प्रो. एमएम गोयल

## नीडोनॉमिक्स सामाजिक विज्ञानों की शिरोमणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में वाणिज्य, अर्थशास्त्र और प्रबंधन विभाग द्वारा एवं उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित 'सतत विकास के लिए वाणिज्य, अर्थशास्त्र और प्रबंधन का तालमेल' एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन प्रो. डॉ राकेश कुमार अधिष्ठाता अकादमिक मामले एवं चेयरपर्सन कंप्यूटर डिपार्टमेंट एवं एप्लीकेशन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने किया। जबकि की-नॉट स्पीकर के रूप में प्रो डॉ. एमएम गोयल, पूर्व कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविधालय के पूर्व प्रोफेसर एवं नीडोनॉमिक्स (आवश्यकताओं का अर्थशास्त्र) स्कूल ऑफ थॉट के प्रवर्तक ने अपने ज्ञान को प्राध्यापकों, रिसर्च स्कोलर्स और विद्यार्थियों के साथ बांटा और उनके ज्ञान में वृद्धि की। सत्र में डॉ शेफाली नागपाल, निदेशक यूजीसी मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर, बीपीएसएमवी खानपुर कलां सोनीपत, प्रो. (डॉ.) सुभाष चंद वाणिज्य विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र और डॉ. प्रेरणा डाबर सलूजा निदेशक प्रशिक्षण, गीता इंस्टिट्यूट ऑफ़ लॉ एंड डीन वेलफेयर गीता यूनिवर्सिटी पानीपत ने अपने व्याख्यानों से सभी को लाभान्वित किया। इधर, मेहमानों का स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश गर्ग ने पौधा-रोपित गमलें भेंट करके किया। इधर, राष्ट्रीय कांफ्रेंस में 168 डेलिगेटस ने पंजीकरण करवाया जिनमे पश्चिम बंगाल, चेन्नई, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान जैसे दूरस्त राज्यों से आए।



एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

### 168 डेलिगेटस ने पंजीकरण करवाया

राष्ट्रीय कांफ्रेंस में 168 डेलिगेटस ने पंजीकरण करवाया जिनमें पश्चिम बंगाल, चेन्नई, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, यूपी, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान जैसे दूरस्त राज्यों से आये शोधकर्ताओ एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया।

### रिसर्च स्कॉलर्स ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए

राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतिम सत्र में शोधकर्ताओं और प्राध्यापकों ने भाग लिया, जहां रिसर्च स्कॉलर्स ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। मंच संचालन डॉ. दीपिका अरोड़ा ने किया।मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. एमएम गोयल ने कहा कि पारंपरिक विकास मॉडल असमानता और पर्यावरणीय संकट को बढ़ाते हैं। उन्होंने नीडोनॉमिक्स को एक नई दिशा बताते हुए आवश्यकता-आधारित, संतुलित और नैतिक विकास पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### जेल में जांच शिविर, 100 बंदियों का स्वास्थ्य जांचा

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में वर्ल्ड हेल्थ डे के उपलक्ष्य में जिला कारागार में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि नागरिक अस्पताल की टीम द्वारा लगाए गए इस शिविर में करीब 100 बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गई और जरूरतमंदों को दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। पैनल अधिवक्ता नरेश कुमार रंगा ने सुभद्रा वरिष्ठ नागरिक सदन में जागरूकता शिविर आयोजित कर बुजुर्गों को स्वस्थ जीवन के लिए योग करने और साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### कानूनी सहायता केंद्रों का निरीक्षण किया



**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने पुराना बस अड्डा, जुण्डला व डाचर में स्थापित कानूनी सहायता केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम डॉ. इरम हसन ने उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिला करनाल के सभी खंडों के एक-एक गांव में कानूनी सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कोई भी व्यक्ति प्रत्येक रविवार को पैनल अधिवक्ता से मुफ्त कानूनी सलाह व सहायता प्राप्त कर सकता है। पैरा लीगल वालंटियर हर बुधवार और रविवार को इन केंद्रों पर उपस्थित रहकर लोगों को मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी देते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने जानकारी दी कि कोई भी सेवानिवृत्त सेनानी और उसका परिवार भी मुफ्त कानूनी सेवाओं का हकदार है।

### अवैध कॉलोनी में निर्माण को किया नष्ट

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के गांव सिरसमा में लगभग 8.5 एकड़ में पनप रही दो अवैध कालोनियों में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने थानेसर के गांव सिरसमा में लगभग 8.5 एकड़ में पनप रही दो अवैध कालोनी में बनी सडकें, बाउंड्री वाल, डीपीसी, सीवरेज, मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया।

### रोजगार मेले का आयोजन 16 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि 16 अप्रैल को एसकेआईईटी कॉलेज रतनडेरा में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में एचआरईएक्स पोर्टल पर पंजीकृत प्रार्थी ही भाग ले सकते हैं। इन प्रार्थियों ने 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई और अन्य डिप्लोमा हासिल किया हुआ हो।

करनाल में सेक्टर-4 फायर स्टेशन पर दिया धरना

# अग्निकांड के शहीदों को सम्मान दिलाने की मांग

- एक-एक करोड़ मुआवजा, शहीद का दर्जा और स्थायी नौकरी सहित कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले दो दमकलकर्मियों को शहीद का दर्जा देने और उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर हरियाणा के दमकलकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। सात-आठ अप्रैल की मध्यरात्रि से शुरू हुई यह हड़ताल नौ अप्रैल रात 12 बजे तक जारी रहेगी। मांगें पूरी न होने पर इसे अनिश्चितकाल तक बढ़ाने की चेतावनी दी गई है।

जिले के सभी दमकलकर्मी काम छोड़कर सेक्टर-4 स्थित फायर स्टेशन में एकत्रित हुए और धरना देकर सरकार के खिलाफ रोष जताया। धरने की अध्यक्षता अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान संदीप त्यागी ने की, जबकि संचालन सुनील राणा ने किया।

संदीप त्यागी ने कहा कि यूनियन की मांगों को लेकर कई बार मंत्रियों और उच्च अधिकारियों से बातचीत की गई, लेकिन सरकार का रवैया अड़ियल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि दमकलकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं और हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले कर्मचारियों को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए और उनके परिवारों को सम्मानजनक आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। यूनियन की प्रमुख मांगों में 31 दिसंबर 2025 को हाईकोर्ट के निर्देशानुसार फायर कर्मियों को स्थायी किया जाना, सभी सरकारी लाभ प्रदान करना, पे-रोल कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि, हरियाणा पुलिस की तर्ज पर 5000 रुपए मासिक जोखिम भत्ता और 7500 रुपए वर्दी भत्ता शामिल हैं। इसके अलावा नियमित कर्मचारियों को बिना शर्त एसीपी और प्रमोशन का लाभ देने की भी मांग की गई है। धरने को सर्व कर्मचारी संघ ने भी समर्थन दिया। संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर और सचिव सेवाराम बड़सर ने कहा कि सभी विभागों के कर्मचारी दमकलकर्मियों के आंदोलन के साथ हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम डीसी कार्यालय में ज्ञापन भी सौंपा गया।



**करनाल।** सेक्टर-4 फायर स्टेशन पर धरना देते हुए दमकलकर्मी।

**ये रहे शामिल**

धरने में धर्मवीर राणा, कमलजीत, प्रदीप, महावीर, दिनेश राणा, रजनीश, राकेश शर्मा, देवेंद्र, तारा सिंह, विक्रम पुनिया, संजीव राणा, कपिल, उधम सिंह राठी, डॉ. अशोक अरोड़ा, जयप्रकाश शास्त्री, ओपी माटा, जयभगवान शर्मा, ओमप्रकाश सिहमार, लाभ सिंह आर्य, सुभाष प्रोचा और राजकुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से पूर्व कलश यात्रा निकाली



**करनाल।** कलश यात्रा में भाग लेते समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु महिलाएं।

- यह आयोजन 8 अप्रैल से 15 अप्रैल तक शिव शक्ति सत्संग भवन में होगा

तरावड़ी। ब्रह्मलीन संत शिरोमणि बाबा बंसी वाले की असीम कृपा से शहर वासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन आज से प्रारंभ हो गया। यह भव्य आयोजन 8 अप्रैल से 15 अप्रैल तक शिव शक्ति सत्संग भवन, नगर खेड़ा के नजदीक आयोजित किया जा रहा है।

श्री भागवत सेवा समिति के सदस्य सुनील जिंदल, नीरज सिंगला व प्रदीप बंसल ने बताया कि बाबा बंसी वाले जी की अपार कृपा से नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव से प्रतिदिन दोपहर 3:00 से 6:00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन आचार्य श्री कृष्ण महाराज जी (वृंदावन वाले) अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आज कथा के शुभारंभ से पूर्व नगर खेड़ा में विधिवत पूजा-अर्चना की गई, एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर खेड़ा से शुरू होकर मुख्य बाजार, करनाली गेट से होते हुए कथा स्थल सत्संग भवन पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य कृष्ण महाराज ने प्रथम दिवस की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य मार्ग है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप एवं भक्ति के महत्व का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सत्कर्म, सेवा और भक्ति को अपनाना चाहिए, तभी जीवन सफल होता है। समिति के सदस्यों ने अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करें।

# बरसात-ओलावृष्टि से खड़ी फसलों को नुकसान

- अनाजमंडी में किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी : सचिव अजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री

बुधवार को इंद्री क्षेत्र में आई अचानक बरसात व कई गांवों में हुई ओलावृष्टि से किसानों की गेहूं की खड़ी फसल खराब हो गई । वही दूसरी ओर सब्जी की फसलों को भी नुकसान हुआ । मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को इंद्री के गांव कलरी नन्हेडा, मुरादगढ, इंद्रगढ व जोहड माजरा सहित कई गांवों मे बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई । जिस कारण फसलों को भारी नुकसान हो गया। गांव कलरी नन्हेड़ा के किसान सुरेश कुमार, बलिंद्र, समय सिंह, इंद्रवेश, जोगिंद्र व उधम सिंह आदि ने बताया कि उन्होंने महंगे भाव की खाद, बीज व दवाइयों पर खर्च कर फसल तैयार की थी लेकिन अब अचानक आई बरसात व ओलावृष्टि ने उनकी फसले खराब कर दी है । उन्होंने बताया कि उनकी खड़ी फसलों में पानी भर गया है और गेहूं बिछ गई है। खंड कृषि अधिकारी डा अश्वनी कांबोज ने बताया कि बुधवार को इंद्री क्षेत्र के गांव कलरी नन्हेडा, मुरादगढ, इंद्रगढ व जोहड माजरा मे बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई है । जहां पर ओलावृष्टि हुई है वहां फसलों मे कितना नुकसान हुआ इसका आंकलन सर्वे करने के बाद ही किया जा सकेंगा ।





### मंडी में भी भीगा गेहूं

वहीं दूसरी ओर अनाज मंडी इंद्री में भी आढ़तियों व मार्किट कमेटी द्वारा बरसात मे गेहूं को ढकने के लिए पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए। जिस कारण मंडी में पड़ी गेहूं बरसात मे भीग कर बहती रही । मंडी में गेहूं लेकर आए किसानों ने बताया कि मंडी में फसल को ढकने के लिए कोई भी पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए हैं। इस मामले में मार्केट कमेटी के सचिव अजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को ही इंद्री मार्केट कमेटी में सचिव का कार्यभार संभाला है । मंडी में किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी । मंडी मे शीघ्र ही सभी तरह के पुख्ता प्रबंध करवा दिए जाएंगे ।

श्री बालाजी श्याम संकीर्तन

# कल होने वाले संकीर्तन में 10 हजार श्रद्धालु पहुंचने की उम्मीद

- डिवाइन बैंक्वेट हॉल में सजेगा भक्ति का दरबार, प्रसिद्ध भजन गायक करेंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से आयोजित होने वाले श्री बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। 10 अप्रैल को मेरठ रोड स्थित डिवाइन बैंक्वेट हॉल में भव्य संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे पावन ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ होगी, जिसके बाद भजनों का सिलसिला शुरू होगा। महोत्सव में आशु भगत (निज मंदिर, महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर) और देवेंद्र पुजारी (चुलकाना धाम) का विशेष सानिध्य प्राप्त होगा। भक्ति रस की प्रस्तुति के लिए भजन गायक जतिन जिंदल, किशोरी कनिष्का, डॉ. दिनेश गोयल और गौरव गंधर्व को आमंत्रित किया गया है।

रात 9 बजे से श्याम रसोई में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर श्री बालाजी और श्री श्याम दरबार को भव्य रूप में सजाया जाएगा। विशेष फूलों से सजावट की जाएगी और श्री रासलीला कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगी।

समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है। समिति के सदस्यों ने बताया कि संस्था द्वारा हर माह राजस्थान में श्री श्याम और बालाजी दर्शनों के लिए बस सेवा भी संचालित की जा रही है।



# युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं

- केवीए डीएवी कॉलेज में इंडस्ट्री-अकादमिक हैकाथॉन आयोजित

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कॉलेज फॉर वुमेन, करनाल के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा सैमसंग इनोवेशन कैंपस के अंतर्गत फोकलाइटः फोकल स्किल डेवलपमेंट प्रा. लि., जीरकपुर के सहयोग से इंडस्ट्री-अकादमिक सहयोगात्मक हैकाथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमेन, करनाल की छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा, विशिष्ट अतिथि सुनंत ग्रोवर (स्टेट कोऑर्डिनेटर, फोकलाइट), जूरी सदस्य मनमोहन सिंह (डायरेक्टर, ईडीसी इन्फोनेट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्रा. लि., करनाल), परवीन बंसल (सीईओ, फोकलाइट) तथा इवेंट कोऑर्डिनेटर्स माधुरी और देवांशु द्वारा किया गया।

प्राचार्या मीनू शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को विकसित करते हैं। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों को उद्योग आधारित गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### मंडियों में बायोमेट्रिक जैसे काले कानून तुरंत वापस हों : दिग्विजय

**कुरुक्षेत्र।** युवा जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कुरुक्षेत्र अनाज मंडी का विस्तृत दौरा कर किसानों, आढ़तियों व मजदूरों से मुलाकात की और फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौजूद अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए।

इस मौके पर मंडी में मौजूद आढ़तियों एवं किसानों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं दिग्विजय सिंह चौटाला के समक्ष रखीं, जिनका उन्होंने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि उनकी आवाज को सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। किसानों ने फसल खरीद में देरी, उठान में सुस्ती, भुगतान में हो रही लेटलतीफी तथा मंडियों में लागू की जा रही बायोमेट्रिक प्रणाली से जुड़ी परेशानियों को प्रमुख रूप से उठाया।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, ब्लैकमेल किया

- गांव चोर कारसा निवासी पर केस दर्ज, महिला थाना में जांच शुरू

**करनाल।** करनाल जिले में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और बाद में फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। महिला थाना करनाल में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने बताया कि वह मुगल कैनाल क्षेत्र स्थित एक दुकान पर वीजा-इमीग्रेशन का कार्य करती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात गांव चोर कारसा निवासी सचिन से हुई। दोनों के बीच इंस्टाग्राम और फोन के माध्यम से बातचीत शुरू हुई, जो धीरे-धीरे गहरी दोस्ती में बदल गई। आरोप है कि सचिन ने शादी का झूठा झांसा देकर उसका विश्वास जीता और कई बार उसे अपने साथ विभिन्न स्थानों पर ले गया। इस दौरान उसने युवती के फोटो और वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिए। बाद में इन्हीं के जरिए उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। 24 मार्च 2025 को आरोपी उसे एकता कॉलोनी ले गया, जहां उसकी इच्छा के खिलाफ दुष्कर्म किया। इसके बाद 29 मार्च को आरोपी ने फोन कर धमकी दी कि यदि उसने किसी को बताया तो वह उसकी फोटो-वीडियो वायरल कर देगा। पीड़िता ने 30 मार्च को एसपी को शिकायत दी थी, जिसके बाद 7 अप्रैल को महिला थाना करनाल में केस दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

## न्यूज डायरी

### कर्मियों को आधुनिक तकनीकों में दक्ष बनने का आह्वान

**नीलोखेड़ी/करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कर्मचारियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित आधुनिक तकनीकों में स्वयं को दक्ष बनाएं और आई-गोट प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि उनकी कार्यक्षमता और प्रभावशीलता में वृद्धि हो सके। वे हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में रेडियो ग्रामोदय 90.4 एफएम के माध्यम से प्रसारित "राम-राम हरियाणा" कार्यक्रम में श्रोताओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर देशभर में 2 से 8 अप्रैल तक मनाए जा रहे कर्मयोगी साधना सप्ताह के तहत विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों और रेडियो श्रोताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया गया। सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को जहां नई तकनीकों में पारंगत होना चाहिए, वहीं उन्हें सेवाभाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी करना चाहिए। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिकता और परंपरा के समन्वय से ही सशक्त और विकसित भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तेजी से बदलती तकनीकों का है, ऐसे में प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह स्वयं को लगातार अपडेट रखे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल गवर्नेंस और नई सूचना प्रौद्योगिकियां न केवल कार्य को सरल बनाती हैं, बल्कि पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता को भी बढ़ाती हैं। ग्राम पंचायत कलामपुरा के सरपंच रणजीत सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने ग्रामीण विकास में जनभागीदारी और जागरूकता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम गांवों में जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

### गांव कुड़क में पुलिस का डोर-टू-डोर अभियान



**करनाल।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस करनाल द्वारा नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम द्वारा थाना तरावड़ी क्षेत्र के गांव कुर्क में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों, विशेष रूप से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना रहा। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, परिवार की आर्थिक स्थिति को कमजोर करता है तथा समाज में अपराध को बढ़ावा देता है। पुलिस टीम ने युवाओं को विशेष रूप से जागरूक करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में भाग लें और अपने जीवन को सफल बनाएं। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की गई कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें सही मार्गदर्शन दें। सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में नशा करने, नशा बेचने या नशा तस्करी से संबंधित कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत संबंधित थाना, डायल 112 या हेल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचना दें। उन्होंने बताया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

वार्ड-15 में नगर निगम ने किया सघन निरीक्षण

# जन समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए

- मेयर प्रतिनिधि बृज गुप्ता की अगुवाई में मोहल्लों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम ने वार्ड नंबर-15 में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। बुधवार को मेयर प्रतिनिधि बृज गुप्ता के नेतृत्व में गोरसी मोहल्ला, मिठन मोहल्ला, होली घाटी, चौधरी घाटी, कोट मोहल्ला, जोड़ियां कुआं सेवक सभा, सोरियो कुआं, श्री शंभूनाथ मोहल्ला, कुमार कुआं, लाल कुआं मोहल्ला और श्री हनुमान गली सहित कई क्षेत्रों का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़कों, गलियों, नालियों, सीवरेज सिस्टम और सफाई व्यवस्था की जमीनी स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। पार्षद प्रतिनिधि युद्धवीर सैनी ने बताया कि पुराने क्षेत्रों में लंबे समय से विभिन्न समस्याएं बनी हुई हैं, जिनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई जरूरी है। इस पर मेयर प्रतिनिधि बृज गुप्ता ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान सीवर जाम, गंदगी, जलभराव और टूटी सड़कों जैसी प्रमुख समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जाए और कार्यों की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही हर समस्या के समाधान के लिए समयसीमा निर्धारित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि लोगों को स्थायी राहत मिल सके। इस मौके पर ललित चौधरी, प्रवीण गुप्ता, कुलदीप गुप्ता (जौनपुरी) सहित अन्य लोगों ने भी जनसमस्याओं को लेकर सुझाव दिए। निरीक्षण में निगम के कनिष्ठ अभियंता रवि, दीपक, एमई सतीश मित्तल, संजय शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मेयर प्रतिनिधि बृज गुप्ता ने कहा कि जनसहभागिता के बिना शहर का समुचित विकास संभव नहीं है।



**करनाल।** वार्ड-15 में नगर निगम की टीम सघन निरीक्षण करते हुए।

**सकारात्मक पहल**

जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के नागरिकों ने कहा कि यह अभियान वार्ड-15 में एक नई सोच की शुरुआत है, जहां समस्याओं को टालने के बजाय उनके समाधान पर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले समय में यह पहल क्षेत्र को स्वच्छ, व्यवस्थित और विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर

**करनाल।** एनएसयूआई के स्थापना दिवस के अवसर पर विर्क अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनीत रंधावा ने की।

शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बड़ी संख्या में रक्तदान किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंकज गाबा, अनहद प्रताप तथा कांग्रेस कमेटी शहरी करनाल के मीडिया इंचार्ज दीपक महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पंकज गाबा ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। दीपक महाजन ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और 18 वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति इसमें भाग लेकर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पानीपत से किशोरी लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कॉलोनी क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने गाजियाबाद के एक युवक पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाया है। वहीं, ओल्ड इंडस्ट्रियल थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### श्री हनुमान की छठी मनाई

**पानीपत।** पानीपत की भाटिया कालोनी स्थित श्री गणेश मंदिर में भगवान हनुमान की छठी पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा कर भगवान हनुमान की छठी मनाई। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल, आशा ठकराल, आशु गांधी, सुदेश, उषा, शकुंतला, राज, सोनिया, रीता, रचना, सोनिया, निधि, हेमा, आशा, तान्या, गाबा व रेखा आदि उपस्थित रही।

### पुलिस टीम ने कट्टा सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लाई के आरोपी जावेद निवासी मनमोहन नगर को गिरफ्तार किया है। जावेद ने अवैध हथियार के साथ पकडे गए बादशाह खान को बरामद हथियार बेचा था। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना हुडा सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### पुलिस ने मारपीट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** हथवाला चौकी पुलिस ने गांव राक्सेहडा निवासी बिजेंद्र व इसके परिजनों के साथ मारपीट करने के आरोपी गोविंद को काबू किया है। एएसआई राजेंद्र ने बताया कि उपरोक्त मामले में बिजेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस इस केस में आरोपी पवन, सुरेश उर्फ जोनी, अनिल उर्फ लीलू व रोहित को काबू कर चुकी है।

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने बुधवार को गांव नौल्था स्थित आईटीआई में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं, पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया।

### लैंगिक समानता जरूरी

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में साहित्यिक सप्ताह के तीसरे दिन फिल्म 'लापता लेडीज़' नामक हिन्दी फिल्म का विशेष प्रसारण किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने फिल्म देखी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम समेत बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। फिल्म दिखाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर लैंगिक समानता का भाव पैदा करना रहा।

### पोस्टर बनाने में स्वाति प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में रसायन विज्ञान विभाग ने एग्रीकल्चरल केमिस्ट्री पर विद्यार्थियों ने मिट्टी रसायन, उर्वरक, कृषि रसायन, पादप पोषण, जैविक खेती तथा सतत कृषि पद्धतियों जैसे विविध विषयों पर आकर्षक एवं वैज्ञानिक रूप से समृद्ध पोस्टर प्रस्तुत किए। वहीं, पोस्टर बनाने में स्वाति प्रथम, खुशी द्वितीय, खुशी सैनी तृतीय रही।

### अनाज मंडियों में प्रशासन अलर्ट

**पानीपत।** पानीपत जिला की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक लगातार तेज होती जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए, इसके लिए लगातार मंडियों का निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने मडलौडा अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए किसानों की समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

---

### डीसी व एसपी और उद्यमियों की बैठक में खुले में तेल बेचने का मुद्दा उठाया

# बैठक कर तेल कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोला

- उद्योगों को एलपीजी-पीएनजी आपूर्ति होगी सुनिश्चित: डॉ. वीरेंद्र
- उद्योगपतियों को सुरक्षित माहौल दे रही है पुलिस: एसपी सिंह


पानीपत प्रशासन के साथ बैठक करते हुए उद्यमी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में बुधवार को आयोजित बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योगपतियों के बीच खुला संवाद हुआ, जिसमें उद्योगों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया गया। बैठक का उद्देश्य जिले के औद्योगिक माहौल को मजबूत बनाना और उद्योगों के संचालन में एलपीजी और पीएनजी को लेकर आ रही बाधाओं को दूर करना रहा। बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि एलपीजी व पीएनजी आपूर्ति आवश्यकता के अनुसार बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रबंध भी किए जा रहे हैं।

#### तेल कंपनियों पर तानाशाही का आरोप

हरियाणा पेट्रोलियम संगठन के प्रधान संजीव चौधरी ने कहा कि तेल कंपनियों द्वारा की जा रही तेल की राशनिंग (सीमित सप्लाई) के कारण कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब किसी एक पंप पर तेल खत्म होता है, तो आसपास के दर्जनों गांवों के किसानों में पैनिक फैल जाता है। इस अव्यवस्था के लिए उन्होंने सीधे तौर पर तेल कंपनियों को जिम्मेदार ठहराया है।

#### जबरन लुब्रिकेंट बेचने का आरोप

संजीव चौधरी ने आरोप लगाया कि तेल कंपनियां डीलरों की बिना किसी डिमांड के उनके खातों से पैसे काटकर लुब्रिकेंट्स भेज रही हैं। इस जबरन सप्लाई के कारण डीलरों को प्रति लीटर 65 से 70 रुपये तक का घाटा उठाना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने इस पूरी प्रक्रिया में बड़े स्तर पर जीएसटी चोरी और भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया है, जिसकी लिखित शिकायत प्रशासन को दे दी गई है।

**कानून व्यवस्था पूरी तरह मजबूत:** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है और उद्योगपतियों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध पेट्रोल कारोबार, उगाही और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पानीपत चेप्टर के चेयरमैन विनोद धमीजा, डायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नितिन अरोड़ा औद्योगिक समस्याओं को विस्तार से जानकारी देकर निराकरण की मांग की।

#### सस्ता तेल बेचने वाला अवैध बाउजर नेटवर्क सक्रिय

संजीव चौधरी ने पानीपत जिले में चल रहे अवैध तेल बाउजर नेटवर्क पर भी चिंता जताई। संजीव चौधरी के अनुसार, ये बाउजर पेट्रोल पंपों से भी 10 रुपये सस्ता डीजल-पेट्रोल बेच रहे हैं, जो इनकी गुणवत्ता और स्त्रोत पर बड़े सवाल खड़े करता है। उन्होंने प्रशासन से इस संदिग्ध नेटवर्क को तुरंत ध्वस्त करने की मांग की है।

#### खुले में तेल बेचा तो होगी जेल: एसपी

संजीव चौधरी के आरोपों को गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खुले में पेट्रोल या डीजल की बिक्री करना न केवल अवैध है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक भी है। ऐसे मामलों पर नकेल कसने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। यदि कोई भी व्यक्ति या बाउजर अवैध रूप से सप्लाई करता मिला, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---


पानीपत। थर्मल गेट पर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी फोटो: हरिभूमि

### मांगें नहीं मानी तो पूरे प्रदेश में होगा आंदोलन

## पानीपत थर्मल प्लांट गेट पर कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मतलौडा

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन (हरियाणा कर्मचारी महासंघ) ने बुधवार को पानीपत थर्मल प्लांट के मेन गेट पर लगातार 16वें दिन जोरदार रोष प्रदर्शन किया। सुबह 9 से 11 बजे तक जुटे कर्मचारियों ने एचपीजीसीएल के एमडी की कर्मचारी विरोधी नीतियों और वादाखिलाफी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव राजेंद्र नैन द्वारा की गई। नेताओं ने प्रबंधन को कड़े शब्दों में चेताया कि यदि समय रहते कर्मचारियों की लंबित मांगें पूरी नहीं की गई, तो समूचे हरियाणा के बिजली कर्मचारी आर-पार का बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी बोर्ड मैनेजमेंट की होगी। मंच संचालन वरिष्ठ उपप्रधान दर्शन लाल ने किया। राज्य प्रवक्ता जयबीर मान सहित अन्य नेताओं ने कहा कि अब केंद्रीय परिषद के नेता और विभिन्न यूनिट्स भी इस प्रदर्शन में लगातार शामिल होंगी। प्रदर्शन में महिला शक्ति व रिटायर्ड नेताओं ने भी पुरजोर समर्थन दिया।

#### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी तुरंत निरस्त की जाए। कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू हो। जोखिम भत्ता (रिस्क अलाउंस) दिया जाए। रुकी हुई पदोन्नति (प्रमोशन चैनल) और प्रोडक्शन बोनस दोबारा चालू किया जाए।

#### स्कूल गई छात्रा लापता, केस दर्ज

**मतलौडा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से स्कूल गई छात्रा लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा के पिता ने मतलौडा पुलिस को दी शिकायत में बताया की उसके पास तीन बच्चे दो बेटी और एक बेटा है। उसकी बड़ी बेटी मंगलवार सुबह लगभग साढ़े 11 बजे स्कूल गई थी लेकिन वापिस नहीं आई। जिसकी उन्होंने आस पास व रिश्तेदारियों में तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मतलौडा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## गेहूं की सरकारी खरीद में भाजपा सरकार की मंशा ठीक नहीं: राव नरेंद्र सिंह

- कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने पानीपत अनाज मंडी का दौरा किया, आढ़तियों व किसानों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। अनाज मंडी में किसानों से मिलते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह।

हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बुधवार को पानीपत अनाज मंडी का दौरा करके फसल खरीद व उठान को लेकर किसानों व आढ़तियों से सीधा संवाद करके उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान किसानों ने फसल की कीमत, मंडी व्यवस्था, भुगतान में देरी तथा अन्य जमीनी समस्याओं को प्रमुखता से प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के समक्ष रखा गया। वहीं आढ़तियों ने बताया कि मंडी में गेहूं के उठान में हो रही देरी से आढ़तियों का सीधा नुकसान हो रहा है। राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी है। गेहूं की खरीद पर भाजपा सरकार की मंशा सही नहीं है। वहीं राव ने किसानों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी किसानों के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी और उनके अधिकारों के लिए मंडी से लेकर सडक तक लडाई लडी जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, पूर्व मंत्री बिजेंद्र कादियान, सचिन कुंडू, दिव्यांशु बुद्धिराजा, वीरेंद्र बुल्ले शाह, धर्मबीर मलिक, मंडी आढती प्रधान दिनेश भोक्कर, खुशीराम जागलान, संजय छोक्कर, दीपक खटकड़, प्रियांश मलिक, रूबल संधू आजाद मलिक, अंजू छौक्कर, सतेंद्र जांगड़ा, शौर्यवीर कादियान आदि कांग्रेसी व किसान उपस्थित रहे।

### एल्डिको महिला से छेड़खानी

**पानीपत।** पानीपत शहर की सबसे सुरक्षित और पॉश मानी जाने वाली एल्डिको सोसायटी में पार्क में घुम रही महिला के साथ बाइक सवार युवक ने अश्लील हरकत की। आरोपी ने महिला को न केवल बदनीयती से बैड टच किया, बल्कि विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए उन्हें डराया और धमकाया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### जेवर चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत शहर की गोहाना रोड स्थित कृष्ण शास्त्री कॉलोनी निवासी यासिन मूल निवासी लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश के कमरे से चोरों ने लाखों रुपये कीमत के सोने और चांदी के जेवर चोरी कर लिए। यासिन की शिकायत पर कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हिंदी के कार्यान्वयन को रिफाइनरी को सम्मान मिला

- निरीक्षण की अध्यक्षता डॉ. दिनेश शर्मा, संसदीय राजभाषा समिति के संयोजक एवं संसद सदस्य द्वारा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। संसदीय राजभाषा समिति की बैठक में भाग लेते हुए ईडी पानीपत रिफाइनरी एमएल डहरिया आदि। फोटो: हरिभूमि

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति द्वारा दिल्ली में पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति द्वारा दिल्ली स्थित कार्यक्रम में किया गया। निरीक्षण की अध्यक्षता डॉ. दिनेश शर्मा, संसदीय राजभाषा समिति के संयोजक एवं संसद सदस्य द्वारा की गई। निरीक्षण बैठक के दौरान एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा पीआरपीसी कार्यालय में हो रहे हिंदी कार्यान्वयन संबंधी विभिन्न प्रयासों से समिति को अवगत कराया गया। समिति द्वारा इंडियनऑयल में हो रहे हिंदी कार्यान्वयन की प्रशंसा करते हुए अभिनव एवं नवोन्मेषी कार्यों की सराहना की गई एवं उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स को समिति की ओर से प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। बैठक में पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से रोहित माथुर, संयुक्त सचिव डॉ. ज्योति, उप निदेशक (राजभाषा) तथा पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की ओर से डहरिया, ओम प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), संजय कुमार, महाप्रबंधक, डॉ. आशुतोष चन्द्र झा, सहायक प्रबन्धक (हिन्दी) उपस्थित थे। बैठक में रिफाइनरीज़ मुख्यालय से आरआर राजे, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), अंजलि भावे, मुख्य महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार, हिन्दी, निगमित सामाजिक दायित्व, अधिगम व विकास), विजय कुमार शर्मा, सहायक प्रबन्धक (हिन्दी) भी बैठक में शामिल हुए।

---

### पानीपत को जाम मुक्त शहर बना रहे है: विज



**पानीपत।** पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने बुधवार को अपने कार्यालय में जीटी रोड के चौड़ीकरण के चल रहे कार्य की स्थिति जानने हेतु एनएचएआई, बिजली विभाग, वन विभाग और नगर निगम अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय में बैठक कर निर्माण कार्य की जानकारी ली। विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जीटी रोड के चौड़ाकरण को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि जीटी रोड के चौडाकरण से यातायात अगले बीस सालों तक निबार्ध चलेगा। वहीं, पहले चरण में बरसत रोड से मलिक पेट्रोल पंप तक और दूसरे चरण में एनएफएल तक जीटी रोड चौड़ा किया जाएगा।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को स्वदेशी अपनाएं

- बलिदान दिवस पर शहीद मंगल पांडेय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल के चेयरमैन रणदीप आर्य के साथ विद्यार्थी आदि।

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडेय को बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जबकि साहित्यकार बंकिम चंद्र चटर्जी को पुण्यतिथि पर सादर नमन किया गया। इधर, स्कूल के चेयरमैन रणदीप आर्य शहीद मंगल पांडेय को नमन करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत मां के लिए दिए गए बलिदान के लिए शहीद मंगल पांडेय को सदैव याद किया जाएगा। वहीं, उन्होंने बंकिम चंद्र चटर्जी के साहित्यिक योगदान की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चटर्जी की रचनाओं ने देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग को देश के हर नागरिक को बढाव देना होगा। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुखबीर आर्य, जिला प्राचार्य डॉ अशोक आर्य, उप प्राचार्य जगदीश आर्य, ओम दत्त आर्य, रमेश आर्य ने भी शहीद मंगल पांडेय व साहित्यकार बंकिम चंद्र चटर्जी को नमन करते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने पूर्वजों के सपनों को साकार करें।

## भाजपा ने जनविश्वास खोया: सिंह

- समालखा हलके में निकली पूर्व सांसद बृजेंद्र की सद्भावना यात्रा


समालखा। सद्भाव यात्रा के दौरान प्रेस से वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह, आदि। फोटो: हरिभूमि

**समालखा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा बुधवार को समालखा विधानसभा क्षेत्र के गांव आट्टा से शुरू होकर गांव जौरासी, गांव मछरोली, गांव करहंस से गुजरते हुए समालखा शहर में संपन हुई। वहीं ग्रामीणों ने पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह व पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह का जोरदार स्वागत किया। इधर, बृजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा ने धर्म व जाति के नाम पर लोगों को बरगला रहा है और भाजपा की इस कुनीति का पर्दाफाश करने के लिए सद्भावना यात्रा कर रहे है। वहीं हरियाणा की भाजपा सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। इधर, सद्भावना यात्रा में पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष संजय छोक्कर, पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी आदि ने भाग लिया।

---

### फर्स्ट ऐड की ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** आपातकालीन परिस्थितियों में सही समय पर सही कदम उठाने की सीख देने के उद्देश्य से बुधवार को रेडक्रॉस सोसाइटी ने सेंट जॉन एंबुलेंस द्वारा देवगिरी कारपेटस प्राइवेट लिमिटेड में प्राथमिक उपचार विषय पर प्रभावशाली एवं जागरूकता से भरपूर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव गौरव रामकरण, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चंद आदि उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों की समीक्षा की

**पानीपत।** जिला परिषद सीईओ डॉ किरण की अध्यक्षता में इसराना विधान सभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक मे एमपी एलएडीएस, प्रधानमंत्री कृषि योजना विकलांगजन योजना एसबीएम, एचजीवीवाई एचआरडीएफ मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा की गई। बैठक में योजनाओं में अड़चन, रूकावट व समस्याओं पर भी विचार, इनके समाधान के उपाय व सुझाए दिए गए।

**कथा** भगवान की भक्ति के लिए समर्पण व नेक भाव की आवश्यता होती

# गीता का साक्षात स्वरूप है भागवत कथा: दाऊजी

- पंडित राधे राधे महाराज ने कहा कि निर्धन होने का मतलब यह कतई नहीं है कि आप भगवान की भक्ति नहीं कर सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। श्री अवध धाम मंदिर वार्षिक महोत्सव में नवीन भाटिया को आशीर्वाद देते हुए पंडित राधे राधे। फोटो: हरिभूमि

श्री अवध धाम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री अवध धाम मंदिर वार्षिक महोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सत्संग समारोह के समापन समारोह संतों के आशीर्वाद एवं विशाल भंडारे के साथ समापन किया गया। वहीं, व्यास मंच पर विराजमान प्रसिद्ध कथावाचक पंडित राधे राधे महाराज ने कहा कि निर्धन होने का मतलब यह कतई नहीं है कि आप भगवान की भक्ति नहीं कर सकते। भगवान की भक्ति के लिए समर्पण व नेक भाव की आवश्यता होती है। जबकि दाऊ जी महाराज ने कहा की कृपा तो प्रभू दीन दुखी पर करते हैं। जब तक आप प्रभु के सम्मुख हो कर दीनता प्रकट नहीं करेंगे तब तक आप दीनदयाल के कृपा के पात्र कैसे हो सकते हैं प्रभु का नाम दीनदयाल इसलिए ही रखा गया है क्योंकि वह दिन के ऊपर दयाल हो जाते हैं।

इस अवसर पर अवध धाम सेवा समिति ने हरपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी मेयर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा रमेश नांगरू, रविंद्र सैनी आदि का अभिनंदन किया दुशाला पटका एवं हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया। जबकि श्री अवध धाम मंदिर के प्रांगण में चल रहे तीन महीने के निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एवं निशुल्क सिलाई वितरण समारोह का भी आयोजन हुआ।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**राज कुमार खुराना पुत्र श्री खरेती लाल निवासी मकान नम्बर 598, वार्ड नम्बर 1, इंसार बाजार, पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है राज कुमार खुराना पुत्र श्री खरेती लाल निवासी मकान नम्बर 598, वार्ड नम्बर 1, इंसार बाजार, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री खरेती लाल पुत्र श्री चानन दास निवासी मकान नम्बर 598/1, इंसार चौंक, पानीपत की दिनांक 03-02-2011 को मृत्यु हो चुकी है। एवंम प्रार्थी की दादी श्रीमति शांति देवी जी की भी काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये है। नवल जिंदल वार्ड नम्बर 9, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम सुभाष पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:- 1- कमलेश रानी विधवा, व 2- राज कुमार खुराना पुत्र श्री खरेती लाल यानि कुल 3 ही वारिस है। इनके ईलावा मृतक श्री खरेती लाल पुत्र श्री चानन दास का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तेहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारि के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### विश्व शांति के लिए होगा महा नवोकार मंत्र का जाप

**मुलाना।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के पावन अवसर पर एसएस जैन स्थानक में एसएस जैन सभा द्वारा 9 अप्रैल को एक भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक सामूहिक महा नवोकार मंत्र का जाप किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेंगे। सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य पूरे विश्व में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने बताया कि नवोकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और प्रभावशाली मंत्र है।

### लाहन व अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** सीआईए-1 की टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से घर में शराब बनाने वाले एक आरोपी को धर दबोचा है। जांच टीम को सूचना मिली थी कि थाना नग्गल के अंतर्गत आने वाले गांव कलावड में अवैध शराब बनाने का धंधा चल रहा है। टीम ने तुरंत योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी जहां आरोपी अपने घर के कमरे में ही अवैध देसी शराब तैयार कर रहा था। मौके से पुलिस ने 35 लीटर लाहन, 16 लीटर अवैध देसी शराब और शराब बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला अन्य साजो-सामान बरामद कर जब्त किया है।

### धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर पुलिस ने धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के मामले में संलिप्त अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरभजन सिंह वासी गांव पंजोखरा व हरप्रीत सिंह उर्फ बंपी के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता साहिल कुमार की शिकायत पर पुलिस ने विदेश भेजने की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 5 लाख 60 हजार रूपये की रकम हड़प ली।

### चोरी के आरोपियों से सामान बरामद

**अंबाला।** चोरी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरीशुदा सामान व एक्टिवा बरामद की है। हरि पैलेस कट अंबाला शहर के पास से महालक्ष्मी इलेक्ट्रिक बिजली दुकान से 30 बंडल बिजली तार (कॉपर) व नकदी चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सुदर्शन कुमार ने 6 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 मार्च 2026 को आरोपी ने हरि पैलेस कट अम्बाला शहर के पास से महालक्ष्मी इलेक्ट्रिक बिजली दुकान से 30 बंबल बिजली तार (कॉपर) व नकदी चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### फर्जी जमानदार के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** फर्जी दस्तावेजों से जमानत हासिल करने का मामला सामने आया है। जिला सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र मलिक की अदालत ने इस धोखाधड़ी पर लेते हुए केस दर्ज करवाया है। मामला राज्य बनाम अमरीक सिंह एवं अन्य की सुनवाई के दौरान उजागर हुआ।अदालत में जब आरोपी रॉकी के जमानतदार भूपिंदर सिंह को बुलाया गया तो उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया। भूपिंदर ने बयान दिया कि उन्होंने कभी रॉकी की जमानत नहीं ली।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## निगम अधिकारियों की कारगुजारियों से राज्य सरकार की किरकिरी

# हाईकोर्ट ने जारी नोटिफिकेशन रद्द की, चुनाव लटकना तय

**अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या कम होने का हवाला देकर एससी वार्ड किए थे कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम के प्रस्तावित चुनाव अब लटकना तय माने जा रहे हैं। चुनाव को लेकर निगम अधिकारियों की कारगुजारियों की वजह से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन को रद्द कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से अंबाला व पंचकुला नगर निगम के चुनाव को लेकर जनसंख्या व अनुसूचित जाति के रिजर्व वार्डों को लेकर अधिसूचना जारी की गई थी। इस अधिसूचना में अंबाला में एससी रिजर्व वार्डों की संख्या पांच से कम कर तीन कर दी गई जबकि पंचकुला में चार की जगह एससी वार्डों की संख्या तीन कर दी गई थी। मजे की बात है कि दोनों निगमों में अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या कम होने का दावा किया गया था। ऐसे में अब जल्द निगम चुनाव करवाना राज्य सरकार के गले की हड्डी बन गए हैं।




अंबाला। शहर नगर निगम का बाहरी दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### ईवीएम के साथ वीवीपैट जोड़ने की मांग

तीन बड़े नगर निगमों पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में मेयर और पार्षदों के चुनाव में ईवीएम के साथ वीवीपैट जोड़ने की मांग पर भी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। 10 अप्रैल का इस मुद्दे पर सुनवाई होगी। पंचकूला के कांग्रेस नेता रविंद्र रावल की ओर से इस मांग को लेकर याचिका दायर की हुई है। रावल ने चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए बताया कि चुनाव में वीवीपैट जरूरी है या फिर चुनाव को बैलेट पेपर के माध्यम से करवाया जाए। हालांकि राज्य चुनाव आयोग की ओर से ईवीएम के साथ वीपीपैट जोड़ने को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद रावल हाईकोर्ट गए। हाईकोर्ट में भी सुनवाई के दौरान आयोग ने तर्क दिया कि पहले कभी भी ईवीएम के साथ वीवीपैट का प्रयोग निगम चुनाव में नहीं हुआ है।

### मेयर पद बीसी बी महिला के लिए रिजर्व

नगर निगम चुनाव के लिए निकले ड्रा के अनुसार अंबाला को महिला बीसी-बी के लिए रिजर्व किया गया, जबकि पंचकूला और सोनीपत की सीट अनारक्षित रहेगी। तीनों नगर निगमों के मेयर और पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। प्रदेश में बीसी-बी की महिला के लिए पहली बार मेयर पद आरक्षित हुआ है। पानीपत में बीसी-बी कैटेगिरी से संबंध रखने वाली कोमल सैनी मेयर हैं।

### वार्डबंदी को लेकर भी उठाए सवाल

इस बार अंबाला में नगर निगम चुनाव को लेकर वार्डबंदी में बड़ा खेल हुआ। पहले तो राज्य सरकार की ओर से वार्डबंदी के बनाई गई कमेटी में किसी विपक्षी दल के निगम सदस्य को शामिल नहीं किया गया। भाजपा नेताओं को ही कमेटी का सदस्य बनाकर अपनी मर्जी के मुताबिक वार्डबंदी कर दी गई। कई वार्डों में जहां विपक्षी दलों के निगम सदस्य या फिर उम्मीदवार मजबूत थे उन वार्डों में जमकर तोड़फोड़ की गई। इसकी वजह से कई उम्मीदवार तो मुकाबले से ही बाहर हो गए। अपने सियासत बचाने के लिए इन उम्मीदवारों को अब दूसरे वार्डों से ही चुनाव की तैयारी करनी पड़ रही है। कांग्रेस के निगम सदस्य एडवोकेट मिथुन वर्मा को सियासी तौर पर नुकसान पहुंचाने के लिए उनके वार्ड को तोड़कर एससी व बीसी बी उम्मीदवार के लिए आरक्षित कर दिया गया। ऐसे ही कई दूसरे वार्डों में भी अपने उम्मीदवारों की जीत के लिए भाजपा की ओर से वार्डबंदी की गई थी। आपत्तियां दर्ज करवाने के बावजूद किसी अधिकारी ने लोगों की बात नहीं सुनी।

### अधिकारियों ने हमारी बात नहीं सुनी

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हमारी बात पर सहमति जताते हुए वार्डबंदी को लेकर जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया गया है। झूठे डाटा के आधार पर पहले तो निगम की जनसंख्या कम कर दी गई। फिर एससी मतदाताओं की संख्या कम होने का हवाला देकर रिजर्व वार्डों पर कैंची चला गई। यह पूरी तरह से गलत था। बेशक अधिकारियों ने हमारी बात नहीं सुनी लेकिन हाईकोर्ट ने हमें राहत दी है।

- एडवोकेट मिथुन वर्मा, पूर्व सदस्य, कांग्रेस

## जीवन में अपने कौशल को पहचानकर आगे बढ़ें महिलाएं



बराड़ा। महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

- सिंबला गांव में शुरू हुआ दूसरा सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रयास समाज सेवा संस्थान ने गांव सिंबला में इस सत्र का दूसरा सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलविंदर कौर कंबोज ने शिरकत की, जबकि बलकार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की सरपंच नेहा शर्मा ने की। प्रयास संस्था के प्रधान विशाल सिंगला के मार्गदर्शन में केंद्र का शुभारंभ केंद्र प्रभारी मोनिका कालड़ा व नीति जैन की देखरेख में विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन भी नीति जैन ने कुशलतापूर्वक किया। इस मौके पर डॉ. कुलदीप गुप्ता, अमन गर्ग, राकेश कौशिक, महासचिव सुनील जैन, दिनेश मंगला, सरपंच प्रतिनिधि नीरज वैध, अनु कौशिक, कुसुम चौहान, प्रीति गर्ग, नीरू शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कुलविंदर कौर कंबोज ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। ऐसे प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं को हुनर सीखने के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने महिलाओं को अपने कौशल को पहचानकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**आत्मनिर्भर बनें**

अध्यक्षता कर रही सरपंच नेहा शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर ऐसे केंद्र खुलने से महिलाओं को घर के पास ही रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। केंद्र प्रभारी मोनिका कालड़ा ने महिलाओं को संबोधित करते आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि यह केंद्र महिलाओं के लिए एक नया अवसर है जहां वे हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

## कामयाबी के लिए प्रभावी संचार बेहद जरूरी

- एमपीएन कॉलेज में व्यक्तित्व विकास विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

एमपीएन कॉलेज में आईआईसी के तत्वावधान में करियर अवसर एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक विशेष विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बद्दी यूनिवर्सिटी के प्रबंधन विभाग के डीन डॉ. अरुण कांत पनोली ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में डॉ. पनोली ने विद्यार्थियों को स्नातक उपरांत उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है बल्कि आत्मविश्वास, प्रभावी संचार कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण भी सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की प्रेरणा दी।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

**जीवन में अभ्यास का महत्व बताया**

कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय आईआईसी के समन्वयक जयभगवान द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. शिव कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए जीवन में निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के साथ-साथ उन्हें व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

## एनएमएमएस परीक्षा में दहिया माजरा के दो विद्यार्थियों ने किया नाम रोशन

- बच्चों की सफलता पर विद्यालय मुखिया ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

राजकीय माध्यमिक विद्यालय दहिया माजरा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र कृष और चरणजीत ने एनएमएमएस परीक्षा (नेशनल मींस-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा) उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। दोनों बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय के मुखिया हरपाल सिंह, शिक्षक सुरेश शास्त्री एवं सुनीता दुआ ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। गौरतलब है कि एनएमएमएस परीक्षा भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है।



बराड़ा। स्कूल स्टाफ के साथ परीक्षा में उतीर्ण छात्र। फोटो : हरिभूमि

### कर्मियों के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य : विकास

**अंबाला।** जिला समन्वय अधिकारी (जनगणना) विकास बजाज ने बताया कि जनगणना कार्य में जिन कर्मचारियों को ड्यूटी से संबंधित संदेश आ रहे हैं वे अभी केवल तीन दिन की ट्रेनिंग प्राप्त करने के लिए हैं। कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है क्योंकि इस राष्ट्र महत्व के काम को बेहतर समन्वय के साथ करना है ताकि समयबद्ध तरीके से जनगणना का कार्य को किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिन भी कर्मचारियों की ड्यूटी प्रशिक्षण के लिए लगाई जा रही है वे प्रशिक्षण हासिल करें ताकि जनगणना कार्य से जुड़ी जानकारी उन्हें मिल सके। वे अपने कार्य को पूरी तत्परता व सजगता के साथ कर सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अधूरी जानकारी के आधार पर किसी भी फील्ड में नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई कर्मचारी किसी गंभीर बीमारी से पीडित है। वह लंबे समय से छुट्टी पर चल रहा है या कोई दिव्यांग है उसकी ड्यूटी न लगाई जाए। इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना का कार्य अति महत्वपूर्ण कार्य है। जो भी परियोजनाएं बनाई जाती है इन आंकडों को ध्यान में रखकर ही बनाई जाती हैं। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार से लापरवाही न बरतें।

## जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध

- हर रोज 9 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति : निशांत राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि जिला में 24 गैस एजेंसियां कार्यरत है। इनसे औसतन 9000 घरेलू गैस सिलेंडर दैनिक आधार पर उपभोक्ताओं को डिलीवर किए जा रहे हैं। उपभोक्ता शहरी क्षेत्र में 25 दिन व ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन बाद गैस बुकिंग करवा सकते हैं।

जिला में घरेलू गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसलिए आमजन को घबराने व अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि टीमों ने फील्ड में कार्रवाई करते हुए 142 स्थानों पर छापामारी करते हुए 178 घरेलू सिलेंडरों को जब्त करने का काम किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नंबर 0171-2982868 है जिस पर उपभोक्ता अपनी एलपीजी से संबंधित शिकायत दर्ज करवा सकता है।

## किसान विरोधी नीतियों का शिकार हो रहे धरतीपुत्र : निर्मल सिंह

- अनाजमंडी में बेमौसमी बरसात से किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेंगे पूर्व सीएम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा वीरवार को अंबाला शहर अनाज मंडी का दौरा करेंगे। वे यहां गेहूं खरीद व्यवस्था, किसानों की वर्तमान स्थिति और हालिया प्राकृतिक आपदाओं बरसात व ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मौके पर जाकर गहन आकलन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौरा केवल औपचारिकता नहीं बल्कि एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका का निर्वहन है, जिसके तहत खेत से मंडी तक की पूरी व्यवस्था को समझते हुए किसानों,आढ़तियों और अन्य संबंधित पक्षों से सीधा संवाद किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान समय में किसान जिन परेशानियों, अव्यवस्थाओं बेमौसमी मार बरसात व ओलावृष्टि और आर्थिक दबावों से जूझ रहा है, उनका वास्तविक मूल्यांकन इस दौरे के केंद्र में रहेगाद्ध। विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा मंडी में हर पहलू का सूक्ष्म निरीक्षण करेंगे। प्रभावित किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझेंगे और खरीद प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को गंभीरता से परखेंगे।

## अंबाला कैंट में निर्मित किए जा रहे 3 निर्माणों को तोड़ा



अंबाला। जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा नियंत्रित क्षेत्र अंबाला कैंट में निर्मित किए जा रहे 3 निर्माणों को तोड़ा गया। करीब दो एकड़ में ये निर्माण हो रहे थे। गांव फुलेल माजरा व गांव मंगलेई में यह निर्माण विकसित किए जा रहे थे। इन बनते हुए निर्माणों को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौका पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे। तोड़फोड़ के दौरान आमजन को अवगत करवाया कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी निर्माण करने से पूर्व विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। आगे भी अवैध निर्माणों के खिलाफ विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी।

## दो दिन चला वाणिज्य महोत्सव, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

# निबंध एवं लेख लेखन प्रतियोगिता में खुशी ने मारी बाजी

**विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना उद्देश्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय महिला महाविद्यालय में वाणिज्य महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, ज्ञानवर्धन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था। कार्यक्रम के पहले दिन पीपीटी प्रस्तुति प्रतियोगिता तथा निबंध/लेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। दूसरे दिन टैगलाइन एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने वाणिज्य विषयक ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि टैगलाइन प्रतियोगिता में उनकी रचनात्मकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस महोत्सव का आयोजन वाणिज्य विभाग के सदस्यों प्रो. मोनिका, डॉ. प्रियंका, प्रो. मोनिका, प्रो. आशु, प्रो. मनीषा, प्रो. शिवानी एवं डॉ. निशा द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।



शहजादपुर। विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्र। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे विजेता

कुल 75 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यूजी पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में वंशिका सैनी जसप्रीत कौर एवं सायना ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पीजी पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में कनिका विजेता बनी जबकि भावना एवं रिंकल ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध एवं लेख लेखन प्रतियोगिता में खुशी अव्वल रही। कंचन कुमारी एवं तनु ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। टैगलाइन लेखन प्रतियोगिता में मनप्रीत, रितिका एवं कंचन ने पहले तीन स्थानों पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर डॉ. राज कुमारी, सोनिया, डॉ. यशपाल, डॉ. प्राची, डॉ. ईना, डॉ. रजनी मोहिल एवं सुमन ने निर्णायक की भूमिका निभाई।